प्रश्न-अभ्यास

पाठ से—

प्रश्न 1. डॉ. अम्बेडकर के योगदानों की चर्चा कीजिए।

उत्तर—डा. अम्बेडकर का जीवन देश और समाज के लिये समर्पित था। उन्होंने देश के लिए कुछ अमूल्य सेवायें दीं जैसे -

1. अछूतों को समानता का अधिकार दिलाया।
2. राष्ट्र की एकता के लिये संविधान में आवश्यक व्यवस्था करना।
3. स्वतन्त्र भारत के संविधान के निर्माण के लिये अपनी सेवायें देना।
4. धर्म, जाति, वर्ग आदि के कारण उत्पन्न भेद-भाव को जड़ से मिटा देने का संकल्प तथा प्रयास करना।

प्रश्न 2. डा. अम्बेडकर ने बौद्ध धर्म क्यों स्वीकार कर लिया?

उत्तर—डा. अम्बेडकर धर्म को मनुष्य के लिये आवश्यक मानते थे। उनका संघर्ष उन बुराईयों से था जिसमें धर्म के कारण मनुष्यों के बीच भेद-भाव पैदा करते थे। उनके अनुसार बौद्धधर्म समानता के सिद्धान्त पर आधारित है। इसीलिये उस समानता का सम्मान करते हुये डा. अम्बेडकर ने बौद्ध धर्म स्वीकार कर लिया।

प्रश्न 3. डा. अम्बेडकर ने बड़ौदा महाराज की नौकरी क्यों छोड़ दी?

उत्तर—डा. अम्बेडकर ने बड़ौदा महाराज की सेवा काल में अनुभव किया कि यहाँ भी जातिगत भेद-भाव का साम्राज्य है। कट्टरपंथी समुदाय के लोग उनके प्रति सहिष्णुता और समानता का भाव नहीं रखते। इस व्यवहार से क्षुब्ध होकर भीमराव ने बड़ौदा महाराज की नौकरी छोड़ दी।

प्रश्न 4. डा. अम्बेडकर के विचारों से आप कहाँ तक सहमत हैं और क्यों?

उत्तर—डा. अम्बेडकर के विचार अत्यन्त प्रासंगिक थे। वे देश और समाज के हित में थे और अभी भी हैं। अत: उनके विचारों से असहमत होने का प्रश्न ही नहीं उठता।

प्रश्न 5. नीचे स्तम्भ 'क' में डा. भीमराव अम्बेडकर के जीवन से जुड़ी कुछ प्रमुख घटनाओं का विवरण है तथा स्तम्भ 'ख' में उन घटनाओं के वर्ष दिये गये हैं। इन्हें सही क्रम में मिलान कीजिये।

स्तम्भ 'क'	स्तम्भ 'ख'
(क) डा. अम्बेडकर का जन्म	1. 1913
(ख) डा. अम्बेडकर ने हाई स्कूल की परीक्षा पास की	2. 1905
(ग) डा. अम्बेडकर ने बी.ए. की परीक्षा पास की	3. 1891
(घ) डा. अम्बेडकर की शादी	4. 1907
(ङ) 'मूकनायक' पत्रिका का प्रकाशन	5. 1956
(च) डा. अम्बेडकर की मृत्यु	6. 1920

उत्तर—(क) - 3(1891), (ख) - 4(1907), (ग) - 1 (1913), (घ) - 2 (1905),(ङ) - 6 (1920) (च) - 5 (1956)

पाठ से आगे—

प्रश्न 1. डॉ. अम्बेडकर को 'भारतीय संविधान का जनक' क्यों कहा जाता है ?

उत्तर—स्वतन्त्र भारत के संविधान के निर्माण के लिये अपनी सेवाएँ देना तथा उन्हीं के नेतृत्व में भारतीय संविधान का प्रारूप तैयार किया गया था इसीलिए इन्हें भारतीय संविधान का जनक कहा जाता है।

प्रश्न 2. डॉ. अम्बेदकर को 'बाबा साहब' के उपनाम से जानते हैं। कुछ और भी महापुरुषों को उपनाम से जाना जाता है। उनके नाम और उपनाम को लिखिए।

उत्तर—

1. रवीन्द्रनाथ टैगोर — गुरुदेव
2. मोहनदास करमचन्द गाँधी — बापू
3. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद — देशरत्न
4. सुभाषचन्द्र बोस — नेताजी
5. बल्लभ भाई पटेल — सरदार

प्रश्न 3. 'बाबा साहब' किस प्रकार के भारत को देखना चाहते थे ?

उत्तर—'बाबा साहब' भारत के उस स्वरूप को देखना चाहते थे जिसमें छूत-अछूत का कोई विचार नहीं हो। कोई भी समाज का व्यक्ति किसी से दलित न हो। भारत में जाति के आधार पर पेशा नहीं हो बल्कि ज्ञान एवं अभिरुचि के आधार पर पेशा को ग्रहण करें। समाज के सभी व्यक्ति को समान अधिकार प्राप्त हो। इत्यादि।

व्याकरण

प्रश्न 1. इन शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए। निसचय, आत्मविसवास, रत्नागीरी, महतवपूर्ण, परीस्थीती, अधयापक।

उत्तर—

शब्द		शुद्ध रूप
		नि:श्चय
निसचय	—	आत्मविश्वास
आत्मविसवास	—	रत्नागिरि
रत्नागीरी	—	अध्यापक
अध्यापक	—	महत्वपूर्ण
महतवपुर्ण	—	परिस्थिति
परीस्थिति	—	

प्रश्न 2. "स्वामीजी, मैं ईश्वर का दर्शन करना चाहता हूँ। क्या आप ऐसा कर सकेंगे ?"

साधु ने तपाक से कहा, "अरे ! क्यों नहीं ! कल सवेरे यहाँ आ जाना। हम लोग साथ-साथ सामने के पहाड़ की चोटी पर चलेंगे। वहाँ जाकर मैं तुम्हारी इच्छा पूरी कर दूँगा।"

उपर्युक्त अंश में उद्धरण चिह्न (" "), विस्मयादिसूचक चिह्न (!), प्रश्नसूचक चिह्न (?), योजक चिह्न (–), अल्प विराम चिह्न (,) तथा पूर्ण विराम चिह्न (।) हैं। इस पाठ में भी इस तरह के विराम चिह्नों का प्रयोग किया गया है। उसका कुछ अंश लिखिए।

उत्तर—अचानक वह उठ खड़ा हो जाता है। आँसू पोंछकर सोचता है, "मैं अछूत हूँ, यह पाप है। किसने बनाया है छुआछूत की व्यवस्था ? किसने बनाया है किसी को नीच ? किसी को ऊँच ? भगवान ने ? हर्गिज नहीं। वह ऐसा नहीं कर सकता। वह सबको समान रूप से जन्म देता है। यह बुराई मनुष्य ने पैदा की है। मैं इसे मिटाकर रहूँगा।"

कुछ करने को—

प्रश्न 1. इस वर्ग पहेली में पाँच महापुरुषों के नाम छिपे हैं। उनके नाम मोटे लिखे गए अक्षर से शुरू होता है। ढूँढ़कर लिखिए।

ह	सु	त्मा	वा	ना	प्र
डा.	च	बो	न्द्र	र	न्द्र
भा	सा	**म**	ने	गाँ	ल
हा	ष	र	द	गो	र
ला	थ	ह	न्द्र	रू	जे
वी	रा	ज	स	धी	टै

उत्तर— 1. महात्मा गाँधी, 2. जवाहरलाल नेहरू, 3. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, 4. सुभाषचन्द्र बोस, 5. रवीन्द्रनाथ टैगोर।

प्रश्न 2. आपकी कक्षा में विभिन्न परिवेश के बच्चे पढ़ते हैं। आप सहपाठियों के घर पर जाकर देखिए कि वहाँ क्या-क्या होता है ? उनके अभिभावकों से बातचीत कीजिए और अपने मित्रों से उस पर चर्चा कीजिए।

उत्तर—छात्र स्वयं करें।

प्रश्न 3. भारतीय संविधान की प्रस्तावना साफ-साफ एवं सुंदर अक्षर में लिखिए और कक्षा में सुनाइए।

उत्तर—छात्र स्वयं करें।